प्रेस विज्ञप्ति
बिहार पुलिस मुख्यालय
दिनांक–22.06.2023 (सं0–320)

शिवहर जिला में बैंक लूट की घटना का अद्यतन।

- आज दिनांक–22.06.2023 को लगभग 10.15 बजे शिवहर जिला के पिपराही थानान्तर्गत थाना से लगभग 03 किलोमीटर पश्चिम ग्राम अम्बाकलाँ स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा में 05 अज्ञात हथियारबन्द अपराधकर्मियों के द्वारा प्रवेश कर, बैंक गार्ड को गोली मारकर जख्मी कर तथा बैंक कर्मियों को बंधक बनाकर लगभग 26,50,000 (छब्बीस लाख पचास हजार रुपये) लूट लिये गयें। बैंक के प्रबंधक के द्वारा बताया गया कि इनमें 16.5 लाख रुपये सॉयल नोट (पुराने नोट जो चलते नहीं है उन्हें आर0बी0आइ0 को लौटा दिया जाता हैं)। शेष 10 लाख अच्छे नोट थें।
- घटना की सूचना प्राप्त होते हीं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवहर तथा थानाध्यक्ष घटनास्थल पर पहुँच गयें तथा अग्रतर कार्रवाई उनके द्वारा प्रारम्भ कर दी गई।
- जख्मी बैंक गार्ड को चिकित्सा हेतु सदर अस्पताल शिवहर भेजा गया है।
- पुलिस अधीक्षक शिवहर के द्वारा भी घटनास्थल पर अविलम्ब पहुँच कर घटना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी लेते हुए घटना के उद्भेदन तथा अपराधकर्मियों की गिफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गयें।
- अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, शिवहर के नेतृत्व में SIT का गठन कर अग्रतर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया है।
- अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु सघन छापामारी की जा रही है। शिवहर जिले से सटे अन्तर्जिला सीमा पर गहन चेकिंग लगायी गई है। आस पास के ग्रामीण रास्तों पर भी निगरानी रखी जा रही है। अगल बगल के थाना क्षेत्रों में भी वाहन चेकिंग अभियान तथा संदिग्ध स्थलों पर छापामारी की जा रही है।
- तकनीकी अनुसंधान हेतु सी0सी0टी0वी0 फुटेज प्राप्त किया जा रहा है।
- FSL की टीम तथा डॉग स्क्वायड का सहयोग लिया जा रहा है।
- STF तथा आस पास के जिला पुलिस से समन्वय स्थापित कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु कार्रवाई की जा रही है।
- पुलिस महानिरीक्षक, मुजफ्फरपुर क्षेत्र के द्वारा सम्पूर्ण घटना का अनुश्रवण किया जा रहा है।
- शीघ्र हीं काण्ड का उद्भेदन करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी।

xxxxxxxx